# गुरू घासीदास विश्वविद्यालय, बिलासपुर (छ.ग.)

## विद्यापरिषद् की स्थायी समिति की दिनांक 05.08.2016 की एवं स्थगित बैठक दिनांक 08.08.2016 का कार्यविवरण

विद्यापरिषद् की स्थायी समिति की बैठक दिनांक 05.08.2016 को सायं 5.00 बजे प्रशासनिक भवन के सभाकक्ष में संपन्न हुई। बैठक में उपस्थिति निम्नानुसार रही –

| | | |
|---|---|---|
| 01. | प्रो0 अंजिला गुप्ता, कुलपति | अध्यक्ष |
| 02. | प्रो0 जे.एस. दांगी | सदस्य |
| 03. | प्रो. ए.एस. रणदिवे | सदस्य |
| 04. | प्रो0 अनुपमा सक्सेना | सदस्य |
| 05. | प्रो0 पी.के. बाजपेयी | सदस्य |
| 06. | प्रो. मुकेश कुमार सिंह | सदस्य |
| 07 | प्रो. विशन सिंह राठौड़ | सदस्य |
| 08. | प्रो0 एल.पी. पटैरिया | सदस्य |
| 09. | डॉ0 रश्मि अग्रवाल | सदस्य |
| 10. | डॉ0 एम.सी. राव | सदस्य |
| 11. | डॉ0 राकेश पाण्डेय | सदस्य |
| 12 | प्रो. बी.एन. तिवारी, कुलसचिव (कार्यवाहक) | सचिव |

निम्नलिखित विषयों पर चर्चा हुई एवं विचारोपरांत निम्नानुसार निर्णय लिये गये –

**विषय क्र 1** **विद्यापरिषद की स्थायी समिति की बैठक दिनांक 21.07.2016 के कार्यवृत्त की संपुष्टि पर विचार करना।**

विद्यापरिषद की स्थायी समिति की बैठक दिनांक 21.07.2016 के कार्यवृत्त की संपुष्टि की गई।

**विषय क्र 2** **विश्वविद्यालय अनुदान आयोग के गाईड लाईन अनुसार छात्राओं के योग्यता/फीस वापसी के संबंध में विचार।**

समिति के सदस्यों द्वारा विश्वविद्यालय अनुदान आयोग के दिशा निर्देशों का अवलोकन किया गया तथा सर्वसम्मिति से यह निर्णय लिया गया कि विश्वविद्यालय में नवप्रवेशित छात्र/छात्राओं द्वारा प्रवेश लेने तथा निर्धारित शुल्क जमा करने के उपरांत प्रवेशित पाठ्यक्रम की कक्षाएं प्रारंभ होने के पूर्व यदि प्रवेश निरस्त करा लिया जाता है अथवा इस आशय का आवेदन प्रस्तुत कर दिया जाता है तो ऐसे छात्र/छात्राओं के द्वारा जमा कराये गये शुल्क में से 1000/– रूपये शुल्क काटकर शेष राशि छात्र/छात्राओं को लौटा दिया जायेगा।

**विषय क्र 3** **पुस्तकालय एवं सूचना विज्ञान विभाग में पूर्णकालिक शैक्षणिक पदों की स्वीकृति संबंधी।**

समिति के सदस्यों द्वारा पुस्तकालय एवं सूचना विज्ञान विभाग के लिए शैक्षणिक पदों की आवश्यकता पर विचार किया गया तथा यह निर्णय लिया गया कि उक्त विभाग हेतु आचार्य –01, सह आचार्य – 03 एवं सहायक प्राध्यापक – 05 अतिरिक्त पदों की मांग करते हुए प्रस्ताव विश्वविद्यालय अनुदान आयोग को प्रेषित किया जावे।

| | |
|---|---|
| विषय क्र 4 | **फोरेंसिक साइंस विभाग के लिये बैरक नं.01 आबंटित करने तथा शासकीय एवं अशासकीय संस्थाओं से MoU निष्पादित करने विषयक।**<br>समिति के सदस्यों द्वारा प्रस्तुत प्रस्ताव पर विचार किया गया तथा यह पाया गया कि प्रस्ताव का प्रथम भाग प्रशासनिक प्रकृति का है अतः इस पर प्रशासनिक निर्णय लिया जावे तथा द्वितीय भाग को यथोचित कार्यवाही हेतु वि.वि के IQAC के समक्ष प्रस्तुत किया जाय। |
| विषय क्र 5 | **विभिन्न अध्ययन मण्डलों के द्वारा अनुशंसित पाठ्यक्रमों के अनुमोदन की पुष्टि पर विचार।**<br>समिति के द्वारा अध्ययन मंडल – इनफारमेशन टेक्नालॉजी इंजी., कम्प्यूटर साइंस इंजी., मैकेनिकल इंजी., केमिकल इंजी., इलेकट्रानिक्स एण्ड कम्यूनिकेशन इंजी., एवं इंडस्ट्रीयल एण्ड प्रोड्क्शन इंजी. के द्वारा अनुशंसित पाठ्यकमों के अनुमोदन की पुष्टि की गई। |
| विषय क्र 6 | **Proposal for Spot Admission in B.Tech. First Year for session 2016-17 to be conducted by the Institute of Technology/University for the candidates having valid JEE (Main)- 2016 rank.**<br>शैक्षणिक सत्र 2016–17 में बी.टेक प्रथम वर्ष में प्रवेश JOSAA में पंजीकृत छात्र/छात्राओं में से दिये जाने की सूचना अधिष्ठाता अध्ययनशाला – अभियांत्रिकी एवं तकनीकी द्वारा देते हुए स्थायी समिति को अवगत कराये कि वर्तमान में निर्धारित सीटों में से कुछ सीटें रिक्त हैं। इन रिक्त सीटों पर प्रवेश दिये जाने के संबंध में JOSAA के अधिकारियों से चर्चा की गई है उन्होंने इस संबंध में आवश्यक दिशा निर्देश दिनांक 08 अगस्त 2016 तक उनके वेब पटल पर उपलब्ध हो जाने की सूचना दी है।<br>उपरोक्त सूचना से अवगत होने पश्चात स्थायी समिति द्वारा इस प्रकरण के संबंध में आगामी निर्णय लेने तक बैठक को दिनांक 08.08.2016 तक स्थगित रखे जाने का निर्णय लिया गया।<br>**विद्यापरिषद् की स्थायी समिति की दिनांक 05.08.2016 की स्थगित बैठक का आयोजन दिनांक 08.08.16 को सायं 4.30 बजे आयोजित की गई।**<br>बैठक में अध्ययनशाला – अभियांत्रिकी एवं तकनीकी द्वारा विद्यापरिषद् की स्थायी समिति को अवगत कराया गया कि रिक्त सीटों पर प्रवेश दिये जाने के संबंध में आवश्यक दिशा निर्देश JOSAA के वेब पटल पर उपलब्ध है पर स्पष्ट दिशा निर्देश नहीं है।<br>चर्चा उपरांत सर्वसम्मिति से निर्णय लिया गया कि सत्र 2016 – 17 में चूंकि JOSAA से स्पष्ट अनापत्ति/सहमति पत्र प्राप्त नहीं हुआ है इस कारण सत्र 2016–17 की प्रवेश प्रकिया स्थगित किया जाय। |
| विषय क्र 7 | **Proposal for M.Tech. admission in Chemical Engineering Department, Institute of Technology for session 2016-17 on the basis of Spot Admission.**<br>समिति ने यह निर्णय लिया कि प्रौद्योगिकी संस्थान अध्यादेश में उल्लेखित प्रावधानों के अधीन M.Tech पाठ्यक्रम में प्रवेश हेतु प्रकिया दिनांक 30.09.2016 तक जारी रख संकती है तथा उक्त तिथि तक यथोचित प्रवेश सूचना जारी कर प्रवेश प्रकिया संपन्न करा सकती है। |

## अध्यक्ष की अनुमति से अन्य विषय

अ.अ.वि.क. 1 अध्यक्ष की अनुमति से वि.वि. में VRET से छूट प्राप्त संवर्ग में प्रवेश प्रदान करने के लिए विभागों में उपलब्ध सीट संख्या एवं उनके आरक्षण रोस्टर में स्पष्टता लाने हेतु चर्चा की गई एवं चर्चा उपरांत यह निर्णय लिया गया कि निम्नानुसार समिति इस विषय पर चर्चा एवं परीक्षण कर अपनी अनुशंसाएं शीघ्र वि.वि. को प्रस्तुत करेगी –

1. प्रो. जे.एस. दांगी, आचार्य, फार्मेसी
2. प्रो. पी.के. बाजपेयी, आचार्य, भौतिकी
3. प्रो. विशन सिंह राठौर, आचार्य, शारीरिक शिक्षा
4. श्री टी.पी. सिंह. सहायक्र कुलसचिव

उपस्थित सदस्यों एवं अध्यक्ष के प्रति धन्यवाद ज्ञापन के पश्चात बैठक संपन्न हुई।

08.08.16
कुलसचिव (कार्यवाहक) / सचिव

8.8.16
कुलपति / अध्यक्ष